सोमवार

05 फरवरी 2024

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ




आरा के कतीरा स्थित एक्सिस बैंक डकैती कांड का पुलिस ने किया खुलासा

2

## कांग्रेस को अपने विधायकों के टूटने का डर, भेजा हैदराबाद

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की सियासत में अभी हलचल तेज है। कांग्रेस पार्टी ने अपने सभी विधायकों को हैदराबाद भेज दिया है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह के अनुसार, 16 कांग्रेस विधायक हैदराबाद पहुंच रहे हैं और बाकी भी जल्द ही उनके साथ जुड़ेंगे। दरअसल, कांग्रेस को अपने विधायकों के टूटने का डर सता रहा है। यही कारण है कि पार्टी ने उन्हें हैदरबादा रखने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेसी विधायकों को उसी रिसोर्ट में रखा जाएगा, जहां झारखंड के विधायकों को रखा गया था।

बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारे 16 विधायक हैदराबाद शिफ्ट हो गए हैं। पार्टी के बाकी तीन विधायक भी जल्द ही हैदराबाद पहुंच जाएंगे। बता दें कि बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं। फिलहाल 16 विधायक ही हैदराबाद गए हैं। वहीं हैदराबाद पहुंचने पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह कहा कि नई सरकार बनी है, हम सभी यहां पहुंचे हैं, मुख्यमंत्री से मिलेंगे, उन्हें बधाई देंगे। कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि हम सभी विधायक लोग हैदराबाद घूमने आए हैं। इससे पहले शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने सभी विधायकों को दिल्ली बुला लिया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभी विधायकों के साथ बैठक की।

# बीजेपी में चले जाओ तो सारे खून माफ हैं, मैं नहीं जाऊंगा: केजरीवाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी की तरफ से समन जारी करने को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उन पर बीजेपी की तरफ से पार्टी में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। दिल्ली के नए स्कूल भवनों की आधारशिला रखने पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वे हमें कहते हैं कि भाजपा में शामिल हो जाओ, आपको छोड़ देंगे। मैंने कहा कि मैं भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा... हमने कुछ भी गलत नहीं किया है। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी में चले जाओ तो सारे खून माफ हैं लेकिन हमने कौन सा गलत काम किया है। केजरीवाल रोहिणी के सेक्टर 41, किराड़ी में नए स्कूल भवनों के शिलान्यास पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए, स्कूल बनाने और लोगों को मुफ्त इलाज



मुहैया कराने जैसे दिल्ली सरकार के जारी विकास कार्य रुकेंगे नहीं। आधारशिला रखने के बाद कहा कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया क्योंकि उन्होंने स्कूल बनवाए। सत्येंद्र जैन को जेल भेज दिया गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनवाए। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी सभी केंद्रीय एजेंसियों को उनके पीछे लगा दिया गया है।

### भाजपा चाहती है कि हम उनकी पार्टी में शामिल हो जाएं

केजरीवाल ने कहा कि भले ही आप केजरीवाल को जेल में डाल दें, स्कूल एवं मोहल्ला क्लीनिक बनाने और दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के काम नहीं रुकेंगे। भाजपा चाहती है कि हम उनकी पार्टी में शामिल हो जाएं लेकिन हम झुकेंगे नहीं। केजरीवाल ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार स्कूलों और अस्पतालों पर कुल बजट का केवल 4 प्रतिशत खर्च कर रही है, जबकि दिल्ली सरकार पिछले आठ वर्षों से 40 प्रतिशत खर्च कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि जब हम स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल का उद्घाटन करने जाते हैं तो दूसरी पार्टियों के लोग वहां पहुंचकर हमारे खिलाफ नारे लगाते हैं। आज शुभ दिन है क्योंकि चार स्कूलों का उद्घाटन हो रहा है। आज तो कम से कम ये गंदी राजनीति ना करो।

**क्राइम ब्रांच ने सौंपा था नोटिस:** इससे पहले शनिवार को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने 5 घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद सीएम के आवास पर उन्हें एक नोटिस तामील कराया था। यह नोटिस आप के सात विधायकों की भाजपा की तरफ से खरीद-फरोख्त का प्रयास किए जाने के उनके आरोपों को लेकर था। नोटिस में केजरीवाल से इस मामले में तीन दिनों के अंदर उनसे जवाब मांगा है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हमने केजरीवाल को नोटिस तामील कराया है। वह लिखित रूप में तीन दिनों के अंदर जवाब दे सकते हैं। दरअसल, अरविंद केजरीवाल और आतिशी ने भाजपा पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए ऑफर करने के आरोप लगाए थे। आतिशी ने कहा था कि बीजेपी दिल्ली में आप की सरकार गिराना चाहती है। इस मामले में क्राइम ब्रांच दोनों नेताओं से पूछताछ कर सबूत लेना चाहती है।

### आप की मंत्री आतिशी के घर नोटिस देने पहुंचे अधिकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारी भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयास के आरोपों के संबंध में रविवार को नोटिस देने दिल्ली की मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंचे। हालांकि आतिशी घर पर मौजूद नहीं थीं। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम बिना नोटिस दिए ही वापस लौट गई। जिसके बाद में एक बार फिर क्राइम ब्रांच की टीम आतिशी के घर पहुंची और उनके ओएसडी दीपक दहिया से नोटिस रिसीव करवाया। आतिशी को 5 फरवरी तक यानि 24 घंटे के भीतर नोटिस का जवाब देना है। इससे पहले भी दिल्ली क्राइम ब्रांच की एक टीम मंत्री आतिशी के घर भी पहुंची थी लेकिन पता चला कि वह चंडीगढ़ में हैं। शनिवार को इस मामले में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल को उनके आवास पर नोटिस थमाया गया था।

### सीएम ने निमार्णाधीन बापू टावर का किया निरीक्षण

# बापू टावर का निर्माण जल्द पूरा करें: नीतीश

- सीएम ने दिया निर्देश- बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं, उनके विचार, बिहार से लगाव, उनके आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित करें

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गर्दनीबाग में निमार्णाधीन बापू टावर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के पांचवें, तीसरे एवं पहले तल पर जाकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और बताया कि निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और इसे फिनीशिंग टच दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें, ओरियंटेशन हॉल एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव को निर्देश देते हुये कहा कि बापू टावर का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण करायें। इसका निर्माण जल्द पूर्ण होने से बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी जान सकेगी। बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से लगाव, बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित करें, ताकि आमजन यहां आकर उसे देख और समझ सकें। उन्होंने कहा कि यह परिसर ग्रीन एरिया रहे, परिसर बेहतर और व्यवस्थित दिखे। जब बापू टावर बनकर तैयार हो जायेगा तो बहुत अच्छा दृश्य दिखेगा और लोग यहां आकर बापू के बारे में जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। हमने इसका निर्माण कार्य कई बार आकर देखा है और सुझाव भी देते रहे हैं। मेरी इच्छा है कि जल्द से जल्द बापू टावर का निर्माण कार्य पूर्ण हो, इसमें अब विलंब नहीं हो। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, व अन्य उपस्थित थे।



### मेदांता हॉस्पिटल में कैंसर वार्ड का उद्घाटन

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना के जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कैंसर वार्ड का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कैंसर की अत्याधुनिक मशीन 'वरियन एज रेडियेशन मशीन' का भी शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वार्ड के विभिन्न विभागों-कैथ लैब, इंडोस्कोपी, फीजियोथेरेपी आदि का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक कैंसर मशीन को भी देखा और इसके कार्य पद्धति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमलोगों का उद्देश्य है कि सम्पूर्ण कैंसर केयर एक छत के नीचे हो तथा कैंसर का शीघ्र निदान और तुरंत उपचार हो। कैंसर की 'वरियन एज रेडियेशन मशीन' पूर्वी भारत की पहली अत्याधुनिक मशीन है तथा देश में यह दूसरी मशीन है जो यहां कैंसर के उपचार के लिये काफी उपयोगी होगा।

## लालटेन वालों ने 17 महीने की घुसपैठ कर ली थी: शाहनवाज

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की सियासत में राष्ट्रीय जनता दल के सरकार से बाहर जाने और जदयू और बीजेपी मिलकर एनडीए की सरकार बनाने के बाद भले ही सबकुछ शांत लग रहा हो, पर अंदरखाने सियासत गरमाई हुई है। तेजस्वी यादव के बयान बिहार में अभी खेला बाकी है के बाद कयासों का बाजार गर्म है। ऐसे में अब इस बयान को लेकर बोधगया में बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस की।

शाहनवाज हुसैन ने कहा कि- लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिला है। राजनीति में उन्होंने ऊंचा स्थान प्राप्त किया। जिनको अभी ईडी तलाश रही है वह लाल कृष्ण आडवाणी से सीखे। बिहार में वापस से जनता की चुनी हुई सरकार आई है। वहीं, आगे उन्होंने फ्लोर टेस्ट के पहले बिहार में खेला पर कहा कि- अब खेला क्या होगा? खेला



तो आरजेडी के साथ हो गया और कितना खेला करेंगे। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि- अब नीतीश कुमार जी पुराने सारे गिले शिकवे भुला कर हमारे साथ आ गये है, और नई शुरूआत किये है हम लोग खूब मेहनत करेंगे और बिहार को तरक्की के रास्ते पर ले जाएगे, बिहार के साथ -साथ गया भी तरक्की करेगा गया में भी इंडस्ट्रियल एरिया के लिए 17 एकड़ जमीन ली गई थी, जो कार्य रुक सा गया था, तेजी से गया का कैसे विकास हो इस पर जोर दिया जाएगा। कहा कि विधानसभा चुनाव मे हम इकठे रहेंगे इसकी पूरी गारंटी है।

## आदिवासी भाइयों के जल, जंगल, जमीन की रक्षा करते रहेंगे: राहुल

**एजेंसी/धनबाद**

झारखंड पहुंची कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को धनबाद से शुरू हुई। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने स्थानीय लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा, पब्लिक सेक्टर यूनिट हिंदुस्तान की जनता की प्रॉपर्टी है, लेकिन मोदी सरकार इन्हें चुनिंदा 2-3 अरबपतियों को पकड़ा रही है, मुझे लगता है थोड़े वक्त में झारखंड की स्टील इंडस्ट्री को भी ये अपने 2-3 मित्रों को पकड़ा देंगे। हम इसके खिलाफ खड़े हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा, आदिवासी भाइयों के जल, जंगल, जमीन की रक्षा कांग्रेस पार्टी करती है और करती रहेगी। हम आपके साथ खड़े हैं। आपकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए हम 24 घंटे काम करेंगे और आपको न्याय दिलवाकर रहेंगे। उन्होंने कहा, पिछले साल हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' की थी। हमने देश को यह संदेश दिया कि कांग्रेस 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलती है।

## दरभंगा में हिंदू परिवार ने डीएम से लगाई गुहार कहा- धर्म परिवर्तन के लिए बनाया जा रहा दबाव

- दरभंगा जिले के भालपट्टी ओपी थाना इलाके के मुरिया गांव का मामला
- पीड़ित का आरोप- जमीन हड़पने की नीयत से लोग बना रहे दबाव, शिकायत के बाद भी नहीं मिल रही मदद

**केटी न्यूज/पटना**

दरभंगा में एक हिंदू परिवार ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि उनके गांव में सारे मुस्लिम परिवार हैं, अकेला हिंदू परिवार उनका है। इसलिए धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जाता है। युवक विक्की कुमार ने डीएम के पास इसकी शिकायत की है। विक्की का कहना है कि उन्हें लगातार धमकाया जाता है, ताकि उसका परिवार गांव-घर छोड़कर भाग जाए। घर के अंदर आपत्तिजनक सामान फेंके जाते हैं। उसके परिवार को कहा जाता है कि अगर गांव में रहना है तो मुस्लिम धर्म कबूल करना होगा। मारपीट भी की जाती है। विक्की ने आरोप लगाया है कि सभी की नजर उनकी जमीन पर है। परिवार को वहां से भगा कर उनकी जमीन को कब्जा करना चाहते हैं। मामला जिले के भालपट्टी ओपी थाना इलाके के मुरिया गांव का है।

विक्की का कहना है कि 23 अक्टूबर को मेरी मां के साथ मारपीट की गई। मामले पर डीएम के हस्तापेक्ष के बाद एफआईआर दर्ज हुई। पहले थाने ने शिकायत लेने से इनकार कर दिया था, केस दर्ज होने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोकल पुलिस पैसा लेकर आरोपियों की ही मदद कर रही है।

### प्रताड़ना से तंग हूं, कोई नहीं कर रहा मदद: पीड़िता

राजधन देवी ने अपने बेटे विक्की के माध्यम से दरभंगा के जिलाधिकारी को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि मैं प्रताड़ना से तंग आकर धर्म परिवर्तन करने जा रही हूं। मैं सभी अधिकारी के पास तीन साल से जा रही हूं। हमारी मदद कीजिए। कोई अधिकारी हमारी मदद नहीं कर रहे हैं, सभी सिर्फ आदेश देते हैं। अपनी निजी जमीन पर सभी बाउंड्री नहीं करने दे रहे हैं। अब मुझे लगता है कि हमारे संविधान में हिन्दू को रहने का अधिकार नहीं है। इसलिए सभी अधिकारी हमें घुमा रहे हैं।

**मामला जमीन विवाद का लग रहा-डीएम:** इस मामले में डीएम राजीव रौशन ने कहा है कि एक युवक इस संबंध में हमसे मुलाकात करने आया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद जांच के लिए सदर अनुमंडल अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि तुरंत गांव पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सुरक्षा देना प्रशासन की जिम्मेदारी है।






### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में सुनीं 350 लोगों की समस्याएं

# पोलियोग्रस्त मासूमों को देख सीएम बोले- इलाज में नहीं आने देंगे कमी

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में अपनी दादी के साथ आए दो पोलियोग्रस्त मासूम भाइयों को देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने इन बच्चों की दादी से इलाज के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि इलाज में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए सरकार भरपूर सहायता करेगी। इसे लेकर सीएम ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

गोरखपुर प्रवास के दौरान जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात करना और उनकी समस्याएं जानकर निस्तारण कराना सीएम योगी की दिनचर्या में शामिल रहता है। शनिवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता दर्शन में करीब साढ़े तीन सौ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान देवरिया जिले के खुखुंदू थानांतर्गत सेखा बभनौली से आईं भागीरथी देवी के साथ आए दो मासूम बच्चों (दस वर्षीय आयुष और आठ वर्षीय पीयूष) को देख सीएम योगी उनसे पढ़ाई के बारे में पूछने लगे। तभी भागीरथी देवी ने बताया कि ये दोनों भाई पोलियोग्रस्त हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इन बच्चों के इलाज में कोई कमी नहीं आने देंगे। इसके लिए भरपूर सहायता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को पूरी संवेदनशीलता से देखने और आयुष्मान कार्ड न होने की दशा में कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं। यह भी ध्यान दिया जाए किसी को भी परेशान न होना पड़े।



### गर्मी के मौसम में जंगलों में आग की न हो घटनाएं, इससे निपटने को सरकार अभी से मुस्तैद

**लखनऊ।** गर्मी में वनों व जंगलों में आग की बढ़ने वाली घटनाएं न हों, इसके लिए योगी सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। एक तरफ पहली से सात फरवरी तक वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाकर प्रदेश के हर जनपदों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं योगी सरकार ने इस पर अंकुश लगाने के लिए निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक एक और पहल भी की है। ऐसी घटनाओं पर निगरानी के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष, लखनऊ के कार्यालय में अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना की गई है। प्रदेश मुख्यालय पर बनाए गए सेल के नोडल अधिकारी मुख्य वन संरक्षक, प्रचार-प्रसार होंगे, जो अधीनस्थ कार्यालयों से मिली आग से होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी प्रति सप्ताह शासन को देंगे। आंकड़ों पर ध्यान दें तो योगी सरकार की मॉनीटरिंग से ऐसी घटनाओं में तीन साल में काफी कमी दर्ज की गई है। वनों को आग से सुरक्षित रखने के लिए योगी सरकार उत्तर प्रदेश में वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह मना रही है। कभी-कभी इस आग से जानमाल की बड़ी हानि हो जाती है। इस पर अंकुश लगाया जा सके और वनों की सुरक्षा के प्रति जनसाधारण को भी जागरूक किया जा सके। इसके लिए सात फरवरी तक चलने वाले आयोजन में सभी प्रभागों में जनजागरूकता अभियान, रैली, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी, जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हों। लखनऊ में हेल्पलाइन नंबर 0522-2207951 जारी किया गया है।

# सर पर सेहरा बंधने से पहले युवक की गोली मारकर हत्या, घर में मचा कोहराम

- मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा स्थित गरैया मठ के समीप रविवार की शाम की घटना
- आरा में पानी टंकी के प्राइवेट कर्मचारी की सरेराह की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-सिन्हा रोड पर शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभा डुमरा गांव स्थित गरैया मठ के समीप रविवार की शाम अपराधियों द्वारा बाइक सवार एक प्राइवेट कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। फोन कर घर से बुलाने के बाद कर्मचारी के पीठ, पंजरी और सीने में चार गोलियां दाग दी गयी। सदर अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार चरपुलवा निवासी वीरेंद्र राय का 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ अंगद था। वह रमना रोड स्थित पीडब्लू डी की पानी टंकी में प्राइवेट कर्मचारी के रूप में काम करता था। बीस रोज बाद उसकी शादी होने वाली थी। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा व



नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। बाद में एएसपी और मुफस्सिल थानाध्यक्ष घटनास्थल पर भी गये एवं मामले की छानबीन की। इधर, अपराधियों की गिरफ्तारी और पोस्टमार्टम में देरी होने से आक्रोशित लोगों द्वारा अस्पताल में कुछ देर के लिए हंगामा भी किया गया। शव को सड़क पर रख दिया गया। उस कारण अफरातफरी मच गयी। बाद में पुलिस अफसरों के समझाने पर मामला शांत हुआ। कर्मी के बड़े भाई हरेंद्र कुमार ने बताया कि वह घर से बाहर कम से गए थे। उनका भाई अभिषेक कुमार उर्फ अंगद घर पर था। तभी किसी द्वारा फोन कर उसे शोभा डुमरा गांव बुलाया गया । उसके बाद उसकी गोली मार हत्या दी। हरेंद्र कुमार द्वारा अभिषेक की किसी से विवाद और दुश्मनी से साफ इनकार किया गया है। हालांकि सूत्रों के अनुसार लेनदेन की बात सामने आ रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने यादव ने बताया कि रविवार की करीब साढ़े तीन बजे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव में टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार के रहने वाले अभिषेक यादव को गोली मारे जाने की सूचना मिली। उसके बाद घायल को सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। आरंभिक जांच में युवक को तीन गोली लगने की जानकारी मिली है। प्रारंभिक अनुसंधान में यह बात सामने आयी है कि युवक की कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी। किसी द्वारा फोन कर उसे शोभी डुमरा बुलाया गया। उसके बाद गोली मार दी गयी। एएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना की सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के कारणों और अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

## दो मार्च को होने वाली थी शादी

मिली जानकारी के अनुसार अभिषेक कुमार उर्फ अंगद तीन भाई और तीन बहनों में छोटा था। उसकी शादी संदेश थाना क्षेत्र के देउआर गांव में तय हुई थी। 26 फरवरी को तिलक और दो मार्च को शादी बारात जाने वाली थी। उसके पहले ही उसकी हत्या कर दी गयी। उस कारण सेहरा सजने के पहले ही उसकी अर्थी उठ गयी। अभिषेक की हत्या से उसके घर में कोहराम मच गया है। जिस घर में शादी की तैयारी चल रही थी, वहां रोना-धोना मचा था। अभिषेक के परिवार में मां बागमनी देवी, भाई हरेंद्र कुमार उर्फ डोमन, हनुमान, बहन गुलाबी, मोती और रिंकू है। मां बागमनी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबरें फटाफट

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खैरा-खैरी गांव के समीप पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार शिक्षक घायल हो गया। शिक्षक की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान शिक्षक ने बताया कि ओबरा के हाई स्कूल में इंटरमीडिएट की परीक्षा में ड्यूटी पर थे। रविवार की छुट्टी होने के कारण बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में खैरा-खैरी मोड़ के समीप पिकअप की चपेट में आने से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए घायल शिक्षक को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया।

### दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, दो जख्मी

**औरंगाबाद।** शहर के सिन्हा कॉलेज मोड़ के समीप दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल हो गये। घायलों में शहर के न्यू एरिया वार्ड नंबर 12 निवासी गौतम कुमार व अन्य शामिल हैं। जानकारी के अनुसार गौतम रफीगंज से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सिन्हा कॉलेज मोड़ के समीप दुर्घटना में घायल हो गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

### आरा शहर के कतीरा स्थित एक्सिस बैंक डकैती कांड का पुलिस ने किया खुलासा

# अंतरराज्यीय निरंता ग्रुप के सदस्यों ने डाला था बैंक में डाका, एक गिरफ्तार

- डकैती में शामिल थे सारण, समस्तीपुर और वैशाली के अपराधी, स्थानीय दो लोग ने निभाई थी लाइनर की भूमिका

**केटी न्यूज/आरा**



शहर के कतीरा स्थित एक्सिस बैंक डकैती कांड का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया। डकैती में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर डकैती में इस्तेमाल बाइक भी पटना जिले से बरामद कर ली गयी है। गिरफ्तार अपराधी वैशाली जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव निवासी सन्नी कुमार है। उसने डकैती में शामिल होने की बात भी स्वीकार कर ली है। घटना में शामिल अपराधियों का नाम भी बताया है। अंतरराज्यीय निरंता ग्रुप द्वारा डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। उनमें वैशाली, सारण और समस्तीपुर के अपराधी शामिल हैं। लाइनर के रूप में दो स्थानीय लोगों को चिन्हित किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि छह दिसंबर को एक्सिस बैंक से करीब 17 लाख की डकैती की गयी थी। उस घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और पैसे की बरामदगी को लेकर एएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा तकनीकी सूत्र व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों को चिन्हित कर गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही थी। इस क्रम में शनिवार को सारण पुलिस द्वारा दरियापुर के समीप वाहन चेकिंग के दौरान गोपाल गंज में लूट पाट कर भाग रहे दो लुटेरों को गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी फुटेजः** एक्सिस बैंक डकैती कांड का खुलासा और अपराधियों तक पहुंचने के लिए पुलिस द्वारा काफी मेहनत की गयी है। पुलिस द्वारा भोजपुर, सारण और वैशाली तक करीब पांच सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। तब जाकर अपराधियों को चिन्हित किया जा सका। बता दें कि डकैती की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी आरा से फोरलेन होते भाग निकले थे। पटना के बिहटा तक फुटेज में अपराधियों को देखा गया था। उसके बाद अपराधियों का लोकेशन नहीं मिल रहा था। तब पुलिस के पास साक्ष्य के आधार पर सिर्फ मुंह बांधे एक अपराधी का फोटो था, जो बैंक के सीसीटीवी फुटेज से मिला था। पुलिस को शुरू से पटना सारण और वैशाली के अपराधियों की ओर शक की सुई घूम रही थी। उस आधार पर पुलिस पटना से सारण और वैशाली तक लगातार छापेमारी की जा रही थी। उसी क्रम में तीन-चार अपराधियों को चिन्हित किया गया था। उनमें सन्नी भी शामिल था। एसपी ने बताया कि पूर्व में सन्नी के घर छापेमारी भी की गयी थी। तब वह पकड़ में नहीं आ सका था।

**पटना में किराये के मकान में रह कर लुटेरेः** एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि बैंक डकैती में अंतरराज्यीय निरंता गिरोह का हाथ है। गिरोह का सरगना काफी कुख्यात बैंक डकैत है। गिरोह में वैशाली, सारण और समस्तीपुर के अपराध कर्मी शामिल हैं। सभी पटना में किराये के मकान में रहते हैं और अलग अलग जगहों पर डकैती की घटना को अंजाम देते हैं। अपराध कर्मी बिना किसी पहचान पत्र के किराये पर मकान लेते हैं। डकैती की घटना के मकान बाद मकान खाली कर दूसरी जगह पर शिफ्ट हो जाते थे। एसपी के अनुसार दो-तीन अपराध कर्मी मिलकर ग्रुप संचालित करते हैं। उनमें कुछ जेल में भी हैं। सभी को चिन्हित कर लिया गया है

**16 लाख 96 हजार की हुई थी लूट :** छह दिसंबर की सुबह करीब सवा दस बजे छह की संख्या में अपराधी कतीरा स्थित एक्सिस बैंक में पहुंचे थे। खाता खुलवाने के नाम पर बैंक में पहुंचे अपराधियों ने हथियार के बल पर सभी कर्मियों को अलग अलग कमरों में बंद कर दिया था। उसके बाद कैश काउंटर पर रखे गये 16 लाख 96 हजार रुपए लूट कर भाग गये थे। भागने के दौरान अपराधियों द्वारा बाहर से बैंक का मेन शटर भी बंद कर दिया गया था। बाद में पुलिस को सूचना मिली थी कि डकैत बैंक के अंदर फंसे हैं। उस आधार पर पुलिस डकैतों की गिरफ्तारी को लेकर काफी देर तक बैंक के बाहर मुस्तैद रही। बाद में पता चला कि अपराधी भाग चुके हैं।

## एक नजर

### खनन माफिया के खिलाफ धावा दल ने की बड़ी कार्रवाई, 17 वाहन जब्त

**औरंगाबाद ।** अवैध खनन के विरुद्ध धावा दल ने बड़ी कार्रवाई की हैं। संदर्भ में अवैध बालू , गिट्टी, राख एवं ओवर लोड 17 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही उन पर 15 लाख 20 हजार 750 रुपए जुमार्ना वसूला गया है। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। संबधित अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन और ओवर लोडिंग के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई निकट भविष्य में और तीव्रता के साथ की जाएगी। खनन माफिया का नकेल कसने में अब कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। बताया कि धावा दल ने घंटों से अधिक समय तक सघन छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि अवैध बालू खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### संविधान में आदिवासी समाज को प्राप्त है विशेष दर्जा

**औरंगाबाद।** विधिक जागरूकता शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले ग्राम सिहुडी, बेल एवं ओबरा में आयोजित किया गया जिसकी विषय-आदिवासीयों के अधिकारो का सरंक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाओं से संबंधित नाल्सा योजना 2015 पर जागरूकता कार्यक्रम था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता स्नेह लता ने किया और संचालन पारा विधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार ने किया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वक्ताओं ने बताया कि संविधान में आदिवासियों को विशेष दर्जा प्राप्त है। आजादी के बाद उनके स्वास्थ्य और साक्षरता पर विशेष ध्यान दिया गया और उनके अधिकारों के रक्षात्मक बहुत से कार्यक्रम चलाए गए हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी सुधार हुआ है। इस अवसर पर बहुत सारे ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीएम ने किया झारखंड से सटे क्षेत्रों का भ्रमण

**औरंगाबाद।** आगामी लोकसभा के मद्देनजर डीएम श्रीकांत शास्त्री ने झारखंड से सटे क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इसी क्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के मुख्य सड़क मार्ग पर बने चार उत्पाद चेक पोस्टों का भी भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। डीएम ने चेक पोस्टों पर उपस्थित पदाधिकारीयों को आवासन के आवश्यक सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्देश मद्य निषेध अधीक्षक को दिया। उन्होंने सभी चेक पोस्टों पर गहनता से जांच हेतु ट्राली की संख्या बढ़ाने का निर्देश भी दिया। साथ ही एरका चेक पोस्ट पर ओवरलोड वाहनों की जांच हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को एक अधिकारी के प्रति नियुक्ति करने का निर्देश दिया। इस भ्रमण एवं निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी, परिवहन विभाग के अन्य पदाधिकारी, मद्यनिषेध अधीक्षक एवं मद्यनिषेध विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विपक्ष पर भाजपा हमलावर

**औरंगाबाद।** एक जमाना था जब भारतीय जनता पार्टी के नेता सीना ठोक कर अपना चाल, चरित्र और चेहरा अलग होने का दावा करते थे। राजनीति में शुचिता के झंडाबरदार होने का दम भरते थे और कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों को भ्रष्टाचार की गंगोत्री बताते थे। लेकिन केंद्र में इसके शासन का करीब 10 साल पूरा होने वाले है। अब भ्रष्टाचार के आरोपों में सने अपने नेताओं के बारे में कुछ भी कहने से इंकार कर रहे हैं। दरअसल पुर्व केन्द्रीय मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ज़िला मुख्यालय औरंगाबाद एक विषेश कार्यक्रम में पहुंचे थे। बीते दिनों हरियाणा के सहकारिता विभाग में 100 करोड़ के घोटाला पर सवाल पर उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे कोई जानकारी हैं। जबकि यह मामला पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। इसके वावजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री को पता नहीं है। मामले में राजद ज़िला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव ने कहा कि भाजपा यह चाहती है कि कोई उनका विरोध न करे कोई सवाल न उठाए। उनके भ्रष्टाचार को उजागर न करे, वे पिछले दरवाजों से चुनाव जीतें क्योंकि वे ईडी-सीबीआई के जरिए विपक्ष को रोक रहे हैं। विपक्षी दलों के खिलाफ सरकारी तंत्र का प्रयोग हो रहा है। ईडी के आड़ में लोगों को परेशान किया जा रहा है।

# कई थानाध्यक्षों का तबादला, उपेंद्र को औरंगाबाद नगर थाना की कमान

- थाना की कमान सौंपते ही एसपी ने सभी नए थानाध्यक्ष को हिदायत दी है कि आम जनता की परेशानियों को दूर करें
- अपराधियों पर नकेल कसने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ें, लापरवाही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



चुनाव से पहले कई इंस्पेक्टरों को बदल दिया गया है। किसी को थानाध्यक्ष तो किसी को अंचल निरीक्षक बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक कई थानों के थानेदार बदले गए हैं। अब उनकी जगह पर नए इंस्पेक्टरों एवं थानेदारों को कमान मिली है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार चौधरी को मदनपुर अंचल की जिमेदारी दी गई है। इसके पूर्व ये रफीगंज अंचल में कार्यरत थे। वहीं नवीनगर अंचल इंस्पेक्टर विमल कुमार, नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष बबन बैठा, दाउदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां, पुलिस कार्यालय पेंशन शाखा प्रभारी कृष्णनंदन -1, लोक शिकायत कोषांग प्रभारी उमेश शुक्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये सभी पुलिस केंद्र औरंगाबाद में कार्यरत थे। इसके अलावा तत्कालीन कुटुंबा थानाध्यक्ष अनंत कुमार को देवकुंड का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं टंडवा के नए थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया हैं। दारोगा और इंस्पेक्टर का तबादला - अभी पिछले दिनों ही बिहार में इंस्पेक्टर और दारोगा रैंक के अफसरों को एक जिले से दूसरे जिले और एक जोन से दूसरे जोन में ट्रांसफर किया गया है। इसी क्रम में रविवार को एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के आदेश पर कई अंचल पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों को इधर से उधर किया गया है। थाना की कमान सौंपते ही एसपी ने सभी को हिदायत दी है कि आम जनता की परेशानियों को दूर किया जाए। उनके साथ मित्रवत व्यवहार करें। किसी भी तरह की शिकायत का समाधान जल्द-से-जल्द करने का प्रयास करें। इसके साथ ही एसपी ने हिदायत दी है कि अपराधियों पर नकेल कसने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाए। इस कार्य में यदि कहीं से कोई शिकायत प्राप्त होती है। तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में तीन पर एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

नाबालिग लड़की से छेड़-छाड़ मामले में तीन लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। मामला हसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की हैं। जहां 13 वर्षीय एक लड़की के साथ छेड़छाड़ मामले में उस गांव निवासी रणधीर राजवंशी, बच्चन राजवंशी एवं बिलाश राजवंशी को नामजद आरोपी बनाया गया है। घटना को लेकर महिला थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि मामले में पीड़िता के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। जांच-पडताल कर आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएंगी। वहीं एक अन्य मामले में थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि शादी का झांसा देकर अवैध संबध बनाने मामले में एक आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। बारूण थाना क्षेत्र चंदौली - जोगिया गांव की हैं जिसमें उस गांव निवासी सचिन कुमार को नामजद आरोपित बनाया गया है। घटना को लेकर पीड़िता ने बताया कि एक शादी समारोह में आरोपित से उसकी मुलाकात हुई थी, समय के साथ नजदीकियां बढ़ती गई और पिछले तीन सालों से शादी का झांसा देकर उसने अब तक कई बार अवैध संबध बनाया, लेकिन अब वह शादी से इंकार कर रहा है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# भूमि युवा क्रिकेट टूनार्मेंट शुरू, सोनहथु ने किशुनपुर को सात विकेट से हराया



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

हसपुरा प्रखंड के डुमरा खेल मैदान में रविवार को भूमि युवा क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज किया गया। टूनार्मेंट का शुभारंभ डुमरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार उर्फ ननहका बाबू, उपहारा पंचायत के मुखिया चंद्रभूषण कुमार उर्फ गुड्डू ,पैक्स अध्यक्ष विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन कुंदन पांडेय ने किया। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डुमरा मुखिया प्रतिनिधि ने कहा की औरंगाबाद खेल के लिए अपना एक स्वतंत्र पहचान बना पाया है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूरी बनाकर खेल के प्रति रुचि बढ़ाने का सुझाव दिया। टॉस जीतकर किसुनपुर की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 47 रन बनाया। जवाब में उतरी सोनहथु की टीम ने 7 विकेट से किसुनपुर को पराजित किया। वहीं दूसरी राउंड में टॉस जीतकर चौरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 107 रन बनाया। इस दौरान चौरी ने बधोई के टीम को 37 रन से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच सोनहथु के टीम से अभिषेक कुमार रहे।






# मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार, तैयारी जोरों पर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सरस्वती पूजा 14 फरवरी को मनाई जाएगी। विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर है। मूर्तिकार भी मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे है। विभिन्न संस्थानों से लेकर शहर के गली-मोहल्लों में आयोजकों द्वारा पूजा की तैयारी जोरों पर है। शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के बीच पूजनोत्सव मने इसके लिए पुलिस-प्रशासन भी अपनी रणनीति तैयार की है। प्रशासन ने सरस्वती पूजा के लिए लाइसेंस को अनिवार्य करते हुए डीजे बजाने पर पाबंदी लगायी है। पुलिस ने बताया कि बगैर लाइसेंस के प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों पर कार्रवाई की जायेगी। सभी आयोजक स्थानीय थाने में



आवेदन देकर अपना लाइसेंस बना सकते है। उन्होंने कहा कि पूजा-पंडालों और विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पाबंदी जारी रहेगी। इसके साथ ही रात 10 बजे के बाद शोर-शराबा नही करना है। जो कमिटी पहले से लाइसेंस लेती आ रही है उन्हें पुनः रिन्युअल कराने का आग्रह किया गया है। सरस्वती पूजा को लेकर युवाओं व छात्र-छात्राओं में श्रद्धा उमड़ पड़ा है। युवाओं की टोली मां की प्रतिमा को बुक कराने में जुटे है। मूर्तिकार भी मां की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे है। पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ने लगी है। सजावट की साम्रगी बेचने वाले दुकानदार भी अपनी दुकानें सजा दिए हैं, जहां ग्राहकों की भीड़ लगने लगी है। मूर्तिकार पवन पाल, रत्न पाल, महेंद्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद बताते है कि छोटे-बड़े साइजो में मां की प्रतिमा का निर्माण किया गया है, जिसकी निर्धारित राशि 3 हजार से लेकर 30 हजार तक रखी गयी है। मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार छोटे आकारों में ही प्रतिमा को बनाया गया है ताकि महंगाई के कारण इसकी बिक्री आसानी से हो सके। बड़ी प्रतिमाओं की मांग घट गयी है।

## मौसम का यू टर्न, सुबह में खिली थी धूप, दोपहर बाद छाए बादल, अब बारिश की आशंका से सहमे हैं किसान



**डुमरांव।** रविवार को मौसम ने अचानक यू टर्न ले लिया। सुबह में खिली हुई धूप देख लोग खुश थे, लेकिन दोपहर होते होते मौसम अचानक बदल गया। इस दौरान धूप की जगह आसमान में काले–काले बादल छा गए तथा ठंडी हवा चलने लगी। मौसम के इस बदलाव से एक बार फिर से ठंड बढ़ गई है। वही मौमस के इस बदलाव को देख किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। किसानों की मानें तो बारिश होने से सब्जी फसलों को नुकसान पहुंचेगा। वही प्रमुख तेलहन फसल सरसों के फूल भी झड़ जाएंगे। जबकि गेहूं के लिए भी यह बारिश नुकसानदेह होगी। जबकि बादल छाने से फसलों पर कीटों का प्रकोप बढ़ेगा। हालांकि शाम तक बारिश नहीं होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि पिछले एक महीने तक भयंकर शीतलहर का दंश झेलने के बाद धूप निकलने से लोग राहत महसूस कर रहे थे। लेकिन रविवार को मौसम में आए बदलाव ने लोगों को एक बार फिर से ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। वही शाम ढलने के बाद तापमान में गिरावट भी आई, जिससे लोगों को एक बार फिर से सर्दी का एहसास होने लगा।

## एक नजर

### मथुरा में आयोजित 9वीं राष्ट्रीय मार्शल आर्ट में डुमरांव के ओमशंकर ने जीता सिल्वर मेडल



**डुमरांव।** नौंवीं राष्ट्रीय टाँग इल मू डो चैंपियनशिप में बिहार टीम से खेलते हुए डुमरांव के ओमशंकर ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। मार्शल आर्ट से जुड़े इस चैंपियनशिप का आयोजन 28-30 जनवरी 2024 को उत्तर प्रदेश के मथुरा शहर में किया गया था। इसमें देश के 22 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। 63-68 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन करनेवाले ओमशंकर को गोल्ड मेडल नहीं जीत पाने का भले ही मलाल है लेकिन उनकी इस उपलब्धि से पूरा बिहार गौरवांवित महसूस कर रहा है। बक्सर जिला के डुमरांव के मुरार थाना स्थित अमसारी गांव के रहनेवाले ओमशंकर पिता नरनारायण सिंह का शुरू से ही एथलेक्टिक्स की ओर जुड़ाव रहा है। कुशल धावक होने के साथ ही ओमशंकर ने पटना में रहकर मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ली है। चैंपियनशिप में अपने मुकाबले के बारे में ओमशंकर ने बताया कि सेमीफाइनल में केरल के खिलाड़ी को हराकर वे फाइनल में पहुंचे थे। अब उनकी नजर गोल्ड मेडल पर टिकी थी, हालांकि फाइनल में पंजाब के खिलाड़ी से वे पटखनी खा गए। ऐसे में उन्हें सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता नरनारायण सिंह और बड़े भाई दीनानाथ सिंह को दिया है। कहा कि बड़े भाई ने उन्हें आगे बढ़ने में न सिर्फ हौसला बढ़ाया बल्कि हर परिस्थितियों में साथ दिया है।

### हसदेव अरण्य जंगल की कटाई के विरोध में गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन ने निकाला विरोध मार्च



**बक्सर।** रविवार को गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन इंडिया के प्रदेश इकाई ने छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल की कटाई के विरोध में बक्सर में विरोध मार्च निकाला। यह विरोध मार्च नगर के किला मैदान से अंबेडकर चौक तक निकाला गया था। विरोध मार्च के बाद यूनियन के जिलाध्यक्ष शंकर गोंड ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल को ऊर्जा संकट के नाम पर काटा जा रहा है। चार लाख पेड़ों को अंधाधुंध काटा जा रहा हैं। केंद्र और राज्य सरकार वहां के भोलेभाले आदिवासियों को उनकी मूल जमीन से हटाने, उनको खदेड़ने का काम कर रही है। हसदेव अरण्य मे लगे लाखों विशाल छोटे-बड़े पेड़ को काटने का काम कर रही है। अगर पेड़ों को नहीं बचाया गया तो उसमें बसे गांवों के आदिवासी और लाखों जीव जंतु बेघर हो जाएंगे। भविष्य में पर्यावरण प्रदूषण सहित, जीवन जीना दूभर हो जाएगा। ऊर्जा संकट का विकल्प है, लेकिन ऑक्सीजन का विकल्प नहीं है। हमारे घर के बगल में लगा एक पेड़ हम करोडों लोगों को ऑक्सीजन देने में सक्षम नहीं होगा। हमें उन्हीं जंगलों से ऑक्सीजन मिलता है। बंजर भूमि कहीं प्रलय का रुप ना ले ले, इसलिए सरकार इस विषय पर जल्द से जल्द विचार करें और जंगल कटाई पर रोक लगाए। इस रैली में गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोंड, संरक्षक अनंत गोंड, प्रदेश सचिव धनु गोंड, प्रदेश कोषाध्यक्ष नीतीश गोंड, प्रदेश प्रवक्ता ब्रजेश गोंड, जिला सचिव मुन्ना गोंड, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गोंड, विश्वामित्र गोंड, नागेंद्र गोंड, महातम गोंड, रवि शंकर गोंड, जिला मीडिया प्रभारी संजय गोंड, इटाढी ब्लॉक सचिव आदित्य गोंड, डुमरांव प्रखंड अध्यक्ष मंतोष गोंड के साथ ही समाज के लोग शामिल हुए।

## खबरें फटाफट

### सुघर डेरा के पशुपालकों ने दर्ज कराया केस

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के सुघर डेरा गांव में गुरूवार की रात हुई चार दुधारू भैंस की चोरी मामले में दोनों पशुपालकों ने तीसरे दिन अज्ञात चोरों पर एफआईआर दर्ज कराया। एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस मामले के तफ्तीश में जुट गई है। बता दें कि गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने सुघर डेरा निवासी गुड्डु यादव व जयराम यादव की दो–दो दुधारू भैंसों की चोरी कर ली थी। इस घटना के बाद गांव के पशुपालकों ने आक्रोशित हो अहले सुबह सुघर डेरा के पास कुछ देर के लिए एनएच 120 को जाम भी किया था। वही पुलिस पीड़ित पशुपालकों के साथ मझवारी, चौसा, ब्रह्मपुर आदि पशुमेला में जाकर खाक छानती रही। इधर अगले दिन पशुपालक एफआईआर दर्ज कराने भी नहीं पहुंचे। पीड़ितों द्वारा घटना के तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज कराए जाने से मामला संदेहास्पद बनते जा रहा है। वही कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों पशुपालकों के बयान पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। बहुत जल्द इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## लग्न को लेकर डुमरांव की मंडियों में बढ़ी भीड़, सड़कें हुई संकीर्ण, प्रशासन बेखबर

# शहर में पार्किंग की सुविधा नहीं, बाजार में वाहनों के खड़े होने से हर दिन लग रहा जाम

- गोला रोड में सुबह से शाम तक जाम लगने से राहगीरों का पैदल चलना भी हो रहा मुश्किल
- जाम से निपटने के लिए नगर प्रशासन की ओर की कई गई हर तैयारी हो रही नाकाम, व्यवसाय पर पड़ रहा असर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव शहर के मुख्य सड़कों पर लग्न को लेकर जाम की स्थिति बनी रहती है। लोग सड़कों पर ही बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं, जिस वजह से मुश्किलें बढ़ जाती हैं और वाहनों की रफ्तार थम जाती है। सड़कों पर ही ऑटो और बसों का ठहराव होने से टू लेन की सड़क वन वे हो जाती है। शहर में बने कई भवन और प्रतिष्ठान के अलावे बैंक संस्थान, होटल, लॉज ऐसे हैं, जहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। नगर परिषद द्वारा भी अब तक पार्किंग की सुविधा नहीं दी गयी मजबूरन लोगों द्वारा अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा करना पड़ता है, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जाम लगने से राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।



### इन जगहों पर लगता है जाम

स्टेशन रोड, बस पड़ाव, राज अस्पताल मोड़, सफाखाना रोड मोड़, शीला सिनेमा, राज हाइस्कूल मोड़ ।गोला रोड, मुख्य मंडी, सब्जी मंडी, अनाज मंडी, शहीद गेट, शहीद पार्क, चूड़ी बाजार। चौक रोड, बैंक संस्थान, मुख्य चौक, जंगल बाजार रोड।

***लागू है यह व्यवस्था***

अस्थायी ऑटो स्टैंड (ट्रेनिंग स्कूल)
व्हील लॉक सिस्टम
सड़क किनारे लोहे की बैरिकेडिंग
12 घंटें बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित

हालांकि प्रशासन ने मुख्य सड़क पर सुबह आठ बजे से रात्रि 10 बजे तक रूट निर्धारित कर बड़े वाहनों के लिए नो एंट्री घोषित किया है बावजूद छोटे वाहनों से जाम की समस्या बनी रहती है और लोग बेतरतीब ढंग से वाहनों को सड़कों पर ही खड़ा कर मुश्किलें बढ़ा देते है। बताया जाता है कि शहर की मुख्य सड़क एनएच 120 एक तरफ एनएच 922 फोरलेन को जोड़ती है तो दूसरी तरफ रोहतास के बिक्रमगंज सड़क से जुड़ाव है, जिस पर वाहनों का दबाव बना रहता है। स्थानीय मुख्य शहर के राज हाइस्कूल से लेकर ट्रेनिंग स्कूल तक जाम की भयावह स्थिति बनी रहती है। मुख्य बाजार होने के कारण सामानों की खरीदारी करने गांवों से आये ग्रामीण अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा कर सड़क को संकरी बना देते हैं। नगर परिषद प्रशासन ने जाम से निपटने के लिए नया प्रयोग करते हुए व्हील लॉक सिस्टम लागू किया, जिसे पुलिस को समर्पित कर इस पर अंकुश लगाने की जवाबदेही दी गयी। मुख्य सड़क पर सड़क किनारे लोहे की बैरिकेडिंग लगायी गयी। अस्थायी ऑटो स्टैंड बनाये गये, जिस पर नप ने लाखों रुपये खर्च किये बावजूद समस्या जस की तस बनी है।

शहर के स्टेशन रोड, गोला रोड, शहीद गेट, चूड़ी बाजार, चौक रोड, जंगल बाजार, बस पड़ाव आदि जगहों पर जाम की समस्या बनी रहती है। कारण यह है कि ग्रामीण क्षेत्रो से आये हुए लोग अपने वाहनों को खड़ा कर जरूरत के सामानों की खरीदारी करते है। नगर परिषद क्षेत्र में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नही ही। शहर में दर्जनों बैंक शाखाएं, मुख्य सड़क पर सब्जी गोला, अनाज मंडी, सहित कई मॉल है लेकिन कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नही होने से शहर जाम की समस्या की जूझता है। नप प्रशासन द्वारा कई बार पार्किंग स्थल को लेकर स्थल चयन करने की प्रक्रिया शुरू की गयी लेकिन जगह नहीं मिलने के कारण पार्किंग का निर्माण नहीं हो रहा है।

## पिटाई से जख्मी इंटर के छात्र की हालत गंभीर, पटना रेफर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार की शाम नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में इंटरमीडिएट के एक छात्र की गांव के ही कुछ युवकों ने टेम्पो से अगवा कर कुरैशी मोहल्ले में ले जाकर जमकर पिटाई कर दिया था। उनकी पिटाई से जख्मी छात्र की हालत दूसरे दिन भी गंभीर बनी हुई है। चिंताजनक स्थिति में उसे बक्सर से पटना रेफर कर दिया गया है। वही पीड़ित पक्ष ने नया भोजपुर ओपी थाने में इस मामले में लिखित आवेदन दे 15 पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने किसी आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया है।

ओपी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि उक्त छात्र का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है तथा उसके पिता राजगोला में मजदूरी करते है। इस घटना के बाद से परिवार की चिंता बढ़ गई है। गौरतलब है कि पुराने विवाद में शनिवार की शाम नया भोजपुर पूरब टोला के पूर्णमासी यादव के पुत्र युवराज को कुरैशी मोहल्ले के युवकों ने उसे डुमरांव रेलवे स्टेशन के पास से अगवा कर कुरैशी मोहल्ला ले गए थे, जहां उसकी बेरहमी से पिटाई किए। उनकी पिटाई से वह बेहोश हो गया था। परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तो परिजन दौड़े भागे ओपी थाना पहुंच, पुलिस को घटना की जानकारी दिए। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच उसे उनके चंगुल से छुड़ा लाई। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो पूरे प्लान के तहत उसे अगवा किया गया था। एक युवक जो पेशे से टेम्पो चालक है, वह उसे पहले घर छोड़ने की बात कह टेम्पो में बैठा लिया तथा थोड़ी दूर जाने के बाद वह टेम्पो में कुरैशी मोहल्ले के ही कुछ अन्य युवकों को बैठा लिया। इसके बाद सभी युवक मिल उसे जबरन टेम्पो में लेकर कुरैशी मोहल्ला चले गए थे। हालांकि इस मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिजनों में भय व्याप्त है।

### भाजपा नेता के निधन पर शोक सभा आयोजित

**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा बिहार प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष सह बक्सर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी स्वर्गीय अजय चौबे के असामयिक निधन पर भाजपा समेत राजनैतिक दलों में शोक की लहर दौड़ गई है। रविवार को भाजपा ने शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार सिंह, बक्सर भाजपा लोकसभा संयोजक राजवंत सिंह तथा बक्सर भाजपा जिला प्रभारी संतोष पटेल ने उनके निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

**समाजसेवी के निधन पर हुई शोक सभाः** केसठ प्रखंड के केसठ पुराना बाजार निवासी समाजसेवी राजेंद्र प्रताप पांडेय के निधन पर शोक सभा की गई। उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विदित हो कि विगत दिनों स्व राजेन्द्र प्रताप पांडेय का निधन हो गया था। वे 78 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं।

## 11 थानों के थानाध्यक्ष व दो सर्किल इंस्पेक्टर बदले

# प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा बनी डुमरांव की थानाध्यक्ष

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारियों के तबादले का दौर जारी है। रविवार को एसपी मनीष कुमार ने एक बार फिर से 13 पुलिस पदाधिकारियों को नई पोस्टिंग दी है। इसमें कई थानों के थानाध्यक्ष तथा बक्सर नगर व ब्रह्मपुर के सर्किल इंस्पेक्टर भी बदल गए। नयें थानों में पदस्थापित किए गए अधिकांश थानाध्यक्ष हाल ही में दूसरे जिलों से आए थे।

जानकारी के अनुसार प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा को डुमरांव का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं संजय कुमार सिन्हा को बक्सर नगर का थानाध्यक्ष, सुनीत कुमार सिंह को मुफस्सिल थानाध्यक्ष, संतोष कुमार को राजपुर थानाध्यक्ष, इंद्रजीत सिंह को बक्सर नगर का सर्किल इंस्पेक्टर, धर्मेन्द्र कुमार को ब्रह्मपुर का सर्किल इंस्पेक्टर, संजय कुमार-वन को यातायात थानाध्यक्ष, संजय



कुमार -टू को पुलिस कार्यालय बक्सर, मनोज कुमार सिंह को चुनावी कोषांग, पुलिस कार्यालय बक्सर, नंदू कुमार को नावानगर थानाध्यक्ष, कमलनयन पांडेय को मुरार का थानाध्यक्ष, अख्तर रब्बानी को बगेन गोला का थानाध्यक्ष तथा रविकांत प्रसाद को मुरार थाना से इटाढ़ी का थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसपी मनरीष कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी पदाधिकारियों को 24 घंटे के अंदर नयें जगहों पर योगदान करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह तबादला भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोक सभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है।

## प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर स्कूल में होगा बच्चों का नामांकन

# अनंत विजयम एकेडमी के पांचवे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के महाराजा कोठी रोड स्थित अनन्तविजयम एकेडमी के स्कूल कैंपस में कक्षा प्ले से आठवीं तक में नामांकन के पांचवे चरण की प्रवेश परीक्षा रविवार को संपन्न हो गई। यह परीक्षा स्कूल के कन्वेनर डॉ. एसडी मिश्र एवं डॉ. प्रियंका के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। सभापति मिश्रा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एवं अनन्तविजयम एकेडमी के प्रेसिडेंट चन्दन कुमार मिश्र ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर पांचवे चरण के नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। शिक्षण प्रक्रिया की गुणवत्ता प्रभावित न हो इसके लिए



हर क्लास में सिर्फ. सीमित सीटें रखी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बक्सर जिले में यह एक देशस्तरीय विद्यालय की स्थापना की जा रही जो पाँच एकड़ से भी ज्यादा कैम्पस में प्रस्तावित है। इसमें सभी प्रकार के शिक्षण तंत्र जैसे सायंस लैब, आर्ट एण्ड क्राफ्ट लैंड, म्यूजिक लैब, लैंग्वेज लैब, कम्पोजिट लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास रूम, मेडिटेशन सेंटर, हॉर्स राइडिंग, स्विमिंग पूल, नेचुरल इकोसिस्टम, एग्रिकल्चर लर्निंग जोन, तीन एकड़ में फैला विशाल खेल का मैदान, विशाल ऑडिटोरियम आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि सभापति मिश्रा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के अनुभवी विभागाध्यक्षों के मार्गदर्शन में कुशल प्रशिक्षित शिक्षकों के विशिष्ट पैनल द्वारा टीचिंग का कार्य संपन्न किया जायेगा। इस प्रवेश परीक्षा को संपन्न कराने में स्कूल के नोडल ऑफिसर संतोष कुमार राय, सहायक नोडल ऑफिसर अंजली कुमारी, सारीक अंसारी आदि उपस्थित थे।






# मौनी बाबा समाधि पर रहने वाली साध्वी को अराजक तत्व कर रहे परेशान

♦ स्थानीय असमाजिक तत्वों द्वारा भगाने के नियत से रोज किया जा रहा परेशान

**केटी न्यूज/बैरिया**

सुरेमनपुर गांव के बाहर पुराने रेलवे लाइन के किनारे बने मौनी बाबा के समाधि स्थल पर रहकर पूजापाठ योग ध्यान करने वाली 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला साध्वी जानकी दास को कुछ स्थानीय असमाजिक तत्वों द्वारा भगाने के नियत से रोज परेशान किया जा रहा है। उनके साथ मारपीट चार दिन पूर्व की गई। उनका सारा सामान चुरा लिया गया। रात में उनके घर पर ईंट-पत्थर चलाया जा रहा है। समाधि स्थल के पास लगी एक झोपड़ी को उजाड़ने के साथ ही एक अल्पसंख्यक युवक द्वारा समाधि स्थल के पास मुर्गा काटने उसका पंख नोचकर वहीं फेंक देने सहित कई तरह के गलत हरकत की जा रही है।



सूचना के बावजूद सुरेमनपुर पुलिस व चौकी इंचार्ज कार्रवाई की बात तो दूर मौके पर जांच करने तक नही गए। जिसके वजह से असमाजिक तत्वों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। पीड़िता साध्वी ने बताया कि उम्र काफी हो जाने के कारण से एक आंख से दिखाई नही दे रहा था। एक शिष्य लेंस लगवाने के लिए मुझे अस्पताल में ले गया लौट कर आई तो देखा समाधि पर मेरे मड़हे का ताला टूटा हुआ है। पानी वाला मोटर, गैस चूल्हा, सिलेंडर, तख्ता, बिस्तर सबकुछ गायब था। एक दिन रात में कुछ मनबढ़ मुझे मारने के लिए दौड़ा लिए मैं भागकर परोस के घर मे घुस गई। शुक्रवार को मेरे मड़हे पर ईंट पत्थर चलाया गया। शहजाद मिया का बेटा रोज हमारे आश्रम पर आकर मुर्गों को हलाल करता है और यही पंख आदि नोचकर फेंक देता है। जिससे मेरी भावनाएं आहत होती है, मुझे परेशानी होती है। मेरा सेवा करने के लिए महाराजगंज का एक शिष्य मणिपाल यहां आया हुआ है उसे भी लोग जान से मारने की धमकी दे रहे है। साध्वी ने बताया कि समाधि स्थल की जमीन को कब्जा करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्हें बताया कि वह तो रेलवे की जमीन है। तो उन्होंने कहा यहां के लोग रेलवे का सैकड़ों एकड़ जमीन कब्जा किये हुए है। इसे भी कब्जा करना चाहते है। साध्वी ने कहा कि योगी के राज में साधु संतों का उत्पीड़न व पुलिस का मूकदर्शक होना उचित नही है। अगर नही कार्रवाई हुई तो योगी जी के जनता दर्शन कार्यक्रम में यह बातें जाकर बताऊंगी। इस सन्दर्भ में एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि बुजुर्ग महिला साध्वी जानकी दास की शिकायत तीन दिन पूर्व मुझे मिली थी। चौकी प्रभारी सुरेमनपुर अशोक कुमार को मौके पर जाकर प्रकरण की जांच व उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। अगर मौके पर वह नही गए है तो पुनः दिखवा रहा हूं। किसी का उत्पीड़न होने नहीं दिया जाएगा। असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### ट्रक की डंपर से टक्कर, केबिन में फंसा चालक



**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के फुटिया गांव के समीप ट्रक-डंपर आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्टेयरिंग के आगे का भाग चालक को दबाते हुए अंदर घुस गया। लगभग 3 घंटे रेस्क्यू कर,घायल चालक को एनएचआई एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। बिहार राज्य के भोजपुर निवासी चालक उपेंद्र राय 38 वर्ष अपने साथी क्लीनर आरा निवासी टुनटुन के साथ ट्रक में बिहार के बिहटा से बालू लादकर वाराणसी जिला के टेंगरा मोड़ पर बालू गिराने जा रहा था। तभी आगे चल रही डंफर के अचानक ब्रेक मारने के चलते ट्रक की पीछे से टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक चालक उपेंद्र राय स्टेयरिंग के दबने से फंस गया। दर्द से चिल्लाने लगा वहीं साथी क्लीनर बाल-बाल बच गया। क्लीनर ने स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे एस आई रावेंद्र सिंह व मय पुलिस टीम ने जेसीबी तथा क्रेन मदद से लगभग तीन घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद चालक को निकाला, तथा एनएचआई एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवा दिया।

### सनकी प्रेमी ने शादी तोड़ने के लिए प्रेमिका के आपत्तिजनक पोस्टर लगाए

**गाजीपुर।** सनकी प्रेमी द्वारा प्रेमिका की शादी तय होते ही पहले धमकी दी गई, इसके बाद शादी कैंसिल कराने के लिए प्रेमिका का आपत्तिजनक पोस्टर गांव में लगाकर बदनाम करने की कोशिश की गई। इस पर पुलिस ने कठोर कार्रवाई करते हुए प्रेमी के विरुद्ध बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया और संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी जमानिया की देख-रेख में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा तथा चौकी प्रभारी बारा कृष्ण कुमार उपाध्याय द्वारा अभियुक्त अमित कुमार यादव पुत्र रामइकबाल निवासी भिटुका (नवली) थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गहमर थाने में वादी रामइकबाल पुत्र स्व रामकेर यादव निवासी भिटुका (नवली) थाना रेवतीपुर की तहरीर पर आरोपीगण दिनेश यादव पुत्र वकील सिंह निवासी मगरखाई थाना गहमर सहित पांच लोगों के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें अमित कुमार यादव के अपहरण होने की बात कही गई थी। इसकी विवेचना सब-इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार उपाध्याय चौकी प्रभारी बारा द्वारा किया गया। इसी बीच अपहत अमित कुमार यादव पुत्र रामइकबाल यादव निवासी भिटुका (नवली) थाना रेवतीपुर को बरामद किया गया। उससे कड़ाई से पूछताछ की गई। इसके बाद कुछ और ही तथ्य सामने आए।

### संदिग्ध हालत में युवक का घर में मिला शव

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाने के देवा गांव में सुबह घर में अकेले सो रहे युवक गुड्डू उर्फ रमेश राजभर (40) पुत्र लच्छू राजभर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक बलराम और थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। मृतक के बड़े भाई सुभाष राजभर ने बताया कि बीते तीन फरवरी को देर शाम दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन रोड के पास शराब के नशे में गुड्डू उर्फ रमेश की भूमि विवाद को लेकर चल रही रंजिश में पट्टीदार अरविंद राजभर से मारपीट हुई थी। मृतक घर पर अकेले सो रहा था, तभी रात साढ़े नौ बजे चार लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज के साथ ही लाठी- डंडे से मारपीट दिए। इसके चलते उसकी मौत हुई है। मृतक गुड्डू उर्फ रमेश राजभर के दो लड़के एक लड़की हैं, जो अपने चाचा सुभाष के साथ रहकर पढ़ती लिखती हैं। मृतक गुड्डू की पत्नी का 12 वर्ष पूर्व आकस्मिक निधन से मौत हो गई। गुड्डू अपने घर पर अकेले रहता था और खेती-बारी करता था। भुड़कुड़ा पुलिस उपाधीक्षक बलराम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के भाई की तहरीर पर छानबीन की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो पाएगा कि मौत कैसे हुई है।

## खबरें फटाफट

### शेख अहमद अली बने राष्ट्रीय सचिव

**सिकंदरपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने सिकंदरपुर के गांधी मोहल्ला निवासी वरिष्ठ समाजसेवी तथा वर्षों से राजनीति में सक्रिय शेख अहमद अली संजय भाई को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। उनके राष्ट्रीय सचिव बनने सूचना जैसे ही क्षेत्र में पहुंची सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकताओं तथा उनके समर्थकों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए शेख अहमद अली संजय भाई ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने जो विश्वास उनमें जताया है। उसमें वह निश्चित रूप से खरा उतारने का प्रयास करेंगे। वह पार्टी को मजबूत बनाएंगे तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे। एक सवाल के जवाब में कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई इबारत लिख रहा है।

### अवैध तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** नरहीं थाने की पुलिस ने रविवार की दोपहर सिकंदरपुर गांव से एक आरोपी को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का नाम दुर्गा गुप्ता पुत्र स्व. रमेश गुप्ता है। आरोपी दुर्गा गुप्ता सिकंदरपुर गांव का रहने वाला है। नरहीं थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सिकंदरपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जमातलाशी लेने पर संदिग्ध व्यक्ति के पास से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दुर्गा गुप्ता पुत्र स्व. रमेश गुप्ता निवासी सिकंदरपुर बताया। पुलिस आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय में चालान कर दिया।

### भर्ती के लिए जारी किया वार्षिक कैलेंडर

चंदौली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की घोषणा के बाद रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से रेलवे में नियमित भर्तियों के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी किया गया है। इसके तहत जनवरी से मार्च के बीच सहायक लोको पायलट, अप्रैल से जून के बीच तकनीशियनों की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन निकाले जाएंगे। इसी तरह जुलाई से सितंबर के बीच एनटीपीसी (ग्रेजुएट एवं अंडर ग्रेजुएट), जूनियर इंजीनियर, पारा मेडिकल कैटेगरी के लिए जबकि अक्टूबर से दिसंबर के बीच लेवल वन एवं मिनिस्ट्रियल एवं आइसोलेटे कैटेगरी के लिए नोटिफिकेशन निकालेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि नियमित भर्तियों से यदि कोई एक प्रयास में उत्तीर्ण नहीं हो सका तो अधिक अवसर मिलेगा। वहीं हर साल पात्र बनने वालों को समान अवसर मिलेगा। चयनित लोगों के लिए बेहतर करियर प्रगति का अवसर होगा। वहीं तेज भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियां होंगी। रेलवे की ओर से रिक्तियों का अधिक सही आकलन किया जा सकेगा।

## चोरों के पास से चार तमंचा व आठ कारतूस बरामद

# 50 लाख की लूट से पहले लुटेरे गिरफ्तार

♦ वाराणसी के गोयिठहां में गुटखा फैक्ट्री की गाड़ी को भी लूटने का किया था प्रयास

**केटी न्यूज/बलिया**

एसओजीए सर्विलांस व सुखपुरा की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सुखपुरा क्षेत्र के आसन नकहरा मार्ग के पास से चोरी व लूट करने वाले गिरोह के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की पूछताछ में लूटेरों ने बताया कि वह सभी सुखपुरा स्थित एक सुनार के यहां से लगभग पचास लाख की लूट करने जा रहे थे। यहां लूट करने में आसानी थी। अपराधियों की पहचान सतीश सैनी पुत्र मुन्ना ग्राम गोठौली थाना बांसडीहरोड जिला बलिया, रुदल नट पुत्र तुफानी निवासी नकहरा थाना गड़वार जनपद बलिया, प्रदीप उर्फ गोलू राम पुत्र परमहंस निवासी पहेसर थाना पकड़ी जनपद बलिया, रवि चौरसिया पुत्र राजेश निवासी जीराबस्ती थाना सुखपुरा जनपद बलिया के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चार तमंचा, छः कारतूस, दो लोहे की रड और एक पिलास बरामद हुआ है। पुलिस के पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग हमेशा एक साथ नहीं रहते हैं। जब कोई घटना करनी होती है तो एक दूसरे से मोबाइल से बात करके इकट्ठा हो जाते हैं और घटना के बाद फिर अलग-अलग चले जाते हैं। पुलिस के अनुसार सतीश सैनी पर कुल तेरह केस दर्ज है। अपराधियों ने पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया है कि इन लोगों ने पूर्व में भी कई घटनाओं को अंजाम दिया है। जौनपुर से लेकर बिहार तक अपराध किया है। अपराधियों ने बताया कि वाराणसी स्थित गुटखा फैक्ट्री में भी लूट का प्रयास किया था। इसके अलावा अन्य जगहों पर हाथ साफ किया था। अपराधियों ने बताया कि इस घटना के बाद अपने एक दुश्मन की भी हत्या करनी थी। वहीं दूसरी ओर पुलिस उनके बयान के आधार पर आगे की कारवाई कर रही है।



# नौकरी के नाम पर वसूले 20 लाख, एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया**

कॉलेज में नियुक्ति के नाम पर प्रबंध समिति द्वारा लाखों की वसूली का खेल अब भी जारी है। ताजा मामला नगरा थाना क्षेत्र के इसारी सलेमपुर गांव में संचालित नवीन आदर्श इंटर कालेज का है। जहां से सेवानिवृत हुए चपरासी जवाहिर सिंह के पांच बेटों का लिपिक और चपरासी पद पर नियुक्ति के नाम पर कॉलेज प्रबंधक ने 20 लाख रुपए वसूल लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया गया था।

नियुक्ति पत्र मिलने के बाद यह लोग कार्य भी करने लगे थे। लेकिन, वर्षो बीत जाने के बाद एक माह का भी वेतन हाथ नहीं लगा। इनलोगों ने लगातार कॉलेज प्रशासन पर वेतन की मां करने लगे थे। इसके लिए कई बार पत्राचार भी किया था। लेकिन, हर बार कोई न कोई बात का हवाला देकर वेतन नहीं दिया जा रहा था। अंत में पीड़ित अरविंद कुमार सिंह ग्राम खनवर नगरा निवासी ने कालेज प्रबंधक जयशंकर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिनके मामले में बलिया न्यायालय के निर्देश पर नगर थाना में रविवार को अमानत में खयानत की धारा 406 के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी। जिसके बाद कालेज प्रबंध समिति में हड़कंप सा मच गया है। ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह बता उजागर होते ही कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हर कोई अपने बचने के लिए कोई न कोई जुगत लगा रहा है। कई कागजात को इधर से उधर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि विगत 2019 में ही कालेज के चपरासी जवाहर सिंह सेवानिवृत हुए।

जिसके कारण प्रबंधक ने सेवानिवृत चपरासी जवाहर सिंह से भावनात्मक लगाव दिखाते हुए उनके पुत्रों का लिपिक और चपरासी पर नियुक्ति का भरोसा दिया और एक ही परिवार के अरविंद कुमार, भाई शत्रुधन सिंह, अन्य भाई संजय कुमार सिंह, राजू सिंह और राजेश कुमार सिंह समेत पांच युवकों के नियुक्ति के नाम पर 4-4 लाख रुपया के हिसाब से 20 लाख रुपया ले लिया। इसके अलावा इसी तर्ज पर कालेज में कई नियुक्ति की गई है। प्रबंधक और प्रिंसिपल के हस्ताक्षर से उन्हें नियुक्ति पत्र भी दिया गया लेकिन करीब एक दशक बीतने के बाद भी किसी को भी वेतन नहीं मिला। जिसके बाद कालेज प्रबंधक और नियुक्त स्टाफ में तनाव बढ़ गया है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख

**केटी न्यूज/ सिकंदरपुर**

तहसील क्षेत्र के चकबहाउद्दीन गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में रिहायशी झोपड़ी व नगदी सहित गृहस्ती के सामान, पांच बकरी व बकरी के तीन बच्चे जल गए। इसके साथ ही पांच बकरी जलकर बुरी तरह से झुलस गई हैं। जिसमें दो की हालत गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार चकबहाउद्दीन गांव निवासी अजय चौहान पुत्र अनिल चौहान ठेला चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वह रोजाना की भांति बीती रात दुकान से आकर भोजन कर अपने परिवार के साथ सो गए। बीती रात करीब दस बजे आग की लपटे देख वह उठ गए तथा चिल्लाने लगे। आग की लपटे देख गांव वाले भी घटनास्थल पर पहुंच आग को बुझाने का प्रयत्न करने लगे। गांववालों के अथक प्रयास के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया। जब तक झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान व हजारों का आभूषण नगदी सहित पांच बकरी व तीन बकरी के बच्चे जलकर खाक हो गए। वहीं पांच बकरी गंभीर रूप से जलकर झुलस गई। जिसमें से दो की हालत गंभीर है घटनास्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान अरुंजय चौहान ने इसकी सूचना पुलिस को दी तथा हल्का के लेखपाल को दी। वही पीड़ित अजय चौहान ने बताया कि हम लोग इसी झोपड़ी में रहते थे और बकरियां भी इसी में रहती थी। आग ने हमारा सब कुछ छीन लिया हम लोगो के रहने का कोई आशियाना नही बचा है। हम लोग आसमान के नीचे आ गए है। पीड़ित ने शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



# सामूहिक विवाह फर्जीवाडा में एक और दलाल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/ बलिया**

मनियर इंटर कॉलेज में 25 जनवरी को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हुए फजीर्वाड़े मामले में रविवार को पुलिस ने दलाल आशीष चौहान उर्फ मिथुन पुत्र श्याम बहादुर चौहान निवासी गायघाट थाना रेवती बलिया को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। इसके पहले पुलिस 15 अभियुक्तों गिरफ्तार कर चुकी है। अभी और कई पर गाज गिर सकती है और जेल जा सकते है। कारण कि शासन प्रशासन पूरी तरह से एक्शन मूड में है। बता दे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुए फर्जीवाडा मामले में भ्रष्टाचारियों एवं संलिप्त आरोपियों पर कठोर कार्रवाई जिला प्रशासन शुरू है। जिसके तहत रविवार को एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है। इस मामले में 30 जनवरी 2024 को एक अधिकारी एवं आठ दुल्हनों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद एक फरवरी 2024 को सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विभाग गड़वार ब्लाक सुनील कुमार यादव पुत्र स्व लालबिहारी यादव, सहायक पटल अधिकारी रविन्द्र गुप्ता पुत्र छांगुर गुप्ता, एडीओ समाज कल्याण विभाग ब्लाक बांसडीह, अतिरिक्त प्रभार ब्लॉक बेरुआरबारी और रेवती-भानुप्रताप पुत्र स्व विक्रमा राम, आलोक श्रीवास्तव पुत्र योगेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, उपेन्द्र यादव पुत्र रामायण यादव, दीपक चौहान पुत्र मोतीलाल चौहान, मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र मदनलाल गुप्ता, रामजी चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान, सहित अन्य पर मुकदमा दर्ज है।



## ग्रामीण-शहरी परिवेश में रह रहे बच्चों को सांप काटने, भूकंप आने से बचाव की दी गई जानकारी

# स्कूल के छात्रों को आपदा से बचाव की दी गई ट्रेनिंग

**केटी न्यूज/चंदौली**

मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सदर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय फुटिया में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षक संदीप कुमार यादव ने छात्रों को प्राकृतिक व दैवीय आपदाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उनसे बचाव के तरीके बताए। ग्रामीण-शहरी परिवेश में रह रहे बच्चों को आपदाओं से बचाव के लिए तैयार करने को लेकर उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। बच्चों को सांप काटने, भूकंप आने, आग लगने, बाढ़ या जलश्राव होने, बिजली का शॉर्ट सर्किट सहित अन्य संबंधित विभिन्न तरह की प्राकृतिक व कृत्रिम आपदा आने पर बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि जब भी कोई आपदा आये तो घबड़ाना नहीं चाहिए। बल्कि इस परिस्थिति में धैर्य रखना चाहिए। आपके पास जो भी संसाधन दिखाई दे रहे है उसका पहले इस्तेमाल करना चाहिए। आपके आसपास की चीजें ही आपकों सहायता प्रदान कर सकती है। इन संसाधनों से सुरक्षा के साथ स्कूल व घर-गांव में आसपास के लोगों की सुरक्षा कर सकें। बताया कि मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम में विद्यालयी बच्चों को आपदाओं के प्रति सजग एवं जागरूक करके न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। बल्कि उन्हें आपदाओं के समय बिना घबराए उपाय ढूढ़ने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस दौरान आपदा टीम का गठन भी किया गया। सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई व पास के सहायता केंद्रों के नाम लिखे गए। प्रशिक्षण में मॉक ड्रिल किया जाएगा। वहीं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न प्रकार के संबंधित चार्ट का भी निर्माण किया। प्रधानाध्यापिका ईरा सिंह ने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण समय समय पर बच्चों को मिलते रहना चाहिए। जिससे कि भविष्य में ये हमेशा आपदाओं का सामना करने के लिए तैयार रहें। इस मौके पर सहायक अध्यापिका चिपू गुप्ता, पूनम सिंह, अंजना कुमारी आदि मौजूद रहे।






